नागर विमानन मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहीम) : (क) गुजरात में कांडला, पोरबन्दर और केसोद हवाई अड्डे इस समय प्रचालनात्मक हैं ।

(ख) इंडियन एयरलाइन्स इस समय उनमें से किसी भी हवाई अड्डे पर प्रचालन नहीं कर रही है । तथापि, गुजरात एयरवेज केसोद और पोरबन्दर के लिए अपनी उड़ानों का प्रचालन कर रही है।

(ग) यह प्रश्न नहीं उठता ।

(घ) और (ङ) जी, नहीं । कारगो संभाव्यता और आर्थिक साध्यता के आधार पर, हवाई कारगो और कूरियर सेवा प्रचालक, कांडला हवाई अड्डे से कारगो सेवाएं प्रचालित करने के लिए स्वतंत्र हैं। इसी प्रकार, नागर विमानन महानिदेशालय के अनुमोदन की शर्त के अधीन विमान परिवहन प्रचालक देश में किसी भी हवाई अड्डे के लिए प्रचालन करने के लिए स्वतंत्र है ।

दिल्ली और देहरादून के बीच विमान सेवा

2180. **श्री मनोहर कान्त ध्यानी** : क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली और देहरादून के बीच विमान सेवा, जो वर्ष 1993 से बंद है, को प्रारम्भ करने पर विचार करेगी ;

(ख) यदि हां, तो कब तक ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ; और

(घ) क्या जौलीग्रान्ट (देहरादून) की एक-मात्र हवाई पट्टी के विस्तार की कोई योजना है यदि हाँ, तो कब तक और यदि नहीं तो इसके क्याकारण हैं ।

नागर विमानन मंत्री (श्री सी. एम. इब्राहीम) : (क) से (ग) उपयुक्त छोटे विमानों की कमी के कारण, इंडियन एयरलाइन्स की इस समय देहरादून के लिए प्रचालन आरंभ करने की कोई योजनाएं नहीं हैं ।

(घ) जी, नहीं । टिहरी हाईड्रो बांध परियोजना के विस्थापित व्यक्तियों द्वारा हवाई अड्डे की भूमि पर काबिज हो जाने, अतिरिक्त भूमि की अनुपलब्धता ऋषिकेश को जाने वाली सड़क की निकटता और हवाई पट्टी की एक तरफ उच्च वोल्टता विद्युत लाइनों के गुजरने के कारण जौलीग्रांट हवाई पट्टी का विस्तार नहीं किया जा सकता ।

Performance of the Alliance Air comparing to other domestic airlines

2181. SHRI S. M. KRISHNA: Will the Minister of CIVIL AVIATION be pleased to state:

(a) when was alliance Air created and with what objectives;

(b) what has been the performance of the Alliance Air compared to other domestic airlines during last one year and to what extent the objectives set forth have been achieved from capacity utilisation point of view;

(c) the details of expansion plans of the company;

(d) whether the Managing Director of the company has expressed his concern over the delay in acquiring fleet as reported in the 'Hindustan Times' dated the 18th July, 1997;

(e) the procedural guidelines for acquiring more fleet by an airlines and the reasons for the delay; and

(f) by when the fleet requirement of Alliance Air would be completed?